F–DTN–M–QMHB

PSYCHOLOGY

Paper—II

Time Allowed : Three Hours	Maximum Marks : 300

INSTRUCTIONS

Each question is printed both in Hindi and in English.

Answers must be written in the medium specified in the Admission Certificate issued to you, which must be stated clearly on the cover of the answer-book in the space provided for the purpose. No marks will be given for the answers written in a medium other than that specified in the Admission Certificate.

Candidates should attempt Question Nos. ***1*** *and* ***5****, which are compulsory, and any* ***three*** *of the remaining questions selecting at least* ***one*** *question from each Section.*

The number of marks carried by each question is indicated at the end of the question.

Wherever any assumptions are made for answering a question, these must be indicated clearly.

Important Note : *Whenever a question is being attempted, all its parts/sub-parts must be attempted contiguously. This means that before moving on to the next question to be attempted, candidates must finish attempting all parts/sub-parts of the previous question attempted. This is to be strictly followed.*

Pages left blank in the answer-book are to be clearly struck out in ink. Any answers that follow pages left blank may not be given credit.

ध्यान दें : अनुदेशों का हिन्दी रूपान्तर इस प्रश्न-पत्र के पिछले पृष्ठ पर छपा है।

Section—A

1. Answer the following in about *150* words each : 12×5=60

(a) What do you understand by 'personality disorders'? Distinguish between schizoid personality disorder and schizophrenia.

(b) Comment on the present practices related to educational guidance and counseling programs in Indian schools and colleges. Highlight the problems in implementing and strengthening these programs in Indian context.

(c) Critically evaluate the strengths and limitations of psychodynamic therapies in the treatment of mental disorders.

(d) Discuss how the major role of rehabilitation psychologists is primarily as a 'facilitator of adjustive behavior' rather than as a 'symptom eradicator'.

(e) Discuss the merits of the role of small groups in social actions and community handling of social problems.

2. *(a)* Explain the characteristics of standardized psychological tests. Discuss the major steps in developing self-report personality inventory. Illustrate your answer with a suitable example. 30

खण्ड—क

1. निम्नलिखित के उत्तर दीजिए, जो प्रत्येक लगभग *150* शब्दों में हो : 12×5=60

(क) 'व्यक्तित्व विकारों' से आप क्या समझते हैं? विदलनाभ व्यक्तित्व विकार और मनोविदलता (शीज़ोफ्रेनिया) के बीच विभेदन कीजिए।

(ख) भारत के स्कूलों और कॉलेजों में शैक्षिक निर्देशन एवं उपबोधन कार्यक्रमों से सम्बन्धित वर्तमान रीतियों पर टिप्पणी कीजिए। भारत के सन्दर्भ में इन कार्यक्रमों के कार्यान्वयन एवं प्रबलन में समस्याओं को उजागर कीजिए।

(ग) मनोविकारों के उपचार में मनोगतिक चिकित्साओं की क्षमताओं और परिसीमाओं का समालोचनात्मक मूल्यांकन कीजिए।

(घ) विवेचन कीजिए कि पुनःस्थापन मनोविज्ञानियों की प्रमुख भूमिका किस प्रकार से प्रधानतः 'लक्षण उन्मूलक' के रूप में होने के बजाय 'समायोजी व्यवहार के सुकरकारी' के रूप में होती है।

(ङ) सामाजिक क्रियाओं में और सामाजिक समस्याओं के सामुदायिक निपटान में लघु समूहों की भूमिका के गुणावगुणों पर चर्चा कीजिए।

2. (क) मानकीकृत मनोवैज्ञानिक परीक्षणों के अभिलक्षणों को स्पष्ट कीजिए। आत्म-रिपोर्ट व्यक्तित्व-सूची को विकसित करने में प्रमुख चरणों पर चर्चा कीजिए। उपयुक्त उदाहरण के द्वारा अपने उत्तर को सविस्तार स्पष्ट कीजिए। 30

(b) Discuss different learning disabilities and their educational and psychological consequences. Suggest relevant remedial measures in this context. 30

3. Answer the following in about *250* words each : 20×3=60

(a) Explain the assumptions underlying cognitive therapy. Critically comment on its utility in the treatment of mental disorders.

(b) Identify the physical and psychosocial consequences of being a victim of violence. Explain the nature of counseling and rehabilitation services a psychologist can render to the victims of violence.

(c) Define the notion of environmental pollution. How would you explain the impact of scientific and technological innovation on environmental degradation from a psychological perspective?

4. Answer the following in about *250* words each : 20×3=60

(a) Define 'learned helplessness'. How can this concept be used to explain depressive disorders?

(b) Explain the models of sensitivity training. Relate them to organizational development.

(ख) विभिन्न अधिगम अशक्तताओं और उनके शैक्षिक एवं मनोवैज्ञानिक परिणामों पर चर्चा कीजिए। इस सन्दर्भ में संगत उपचारात्मक उपाय सुझाइए। 30

3. निम्नलिखित के उत्तर दीजिए, जो प्रत्येक लगभग *250* शब्दों में हो : 20×3=60

(क) संज्ञानात्मक चिकित्सा-विज्ञान की तह में अभिगृहीतों को स्पष्ट कीजिए। मनोविकारों के उपचार में इसकी उपयोगिता पर समालोचनात्मक रूप से टिप्पणी कीजिए।

(ख) हिंसा का शिकार होने के शारीरिक और मनःसामाजिक परिणामों की पहचान कीजिए। हिंसा के शिकार को किसी मनोविज्ञानी द्वारा दी जा सकने वाली उपबोधन एवं पुनःस्थापन सेवाओं की प्रकृति समझाइए।

(ग) पर्यावरण प्रदूषण की धारणा की परिभाषा दीजिए। पर्यावरण निम्नीकरण के सम्बन्ध में वैज्ञानिक और प्रौद्योगिक नवाचार (इनोवेशन) के प्रभाव को, मनोवैज्ञानिक परिप्रेक्ष्य से, आप किस प्रकार स्पष्ट करेंगे?

4. निम्नलिखित के उत्तर दीजिए, जो प्रत्येक लगभग *250* शब्दों में हो : 20×3=60

(क) 'अधिगत असहायता' की परिभाषा दीजिए। अवसादी विकारों को स्पष्ट करने में इस संकल्पना का किस प्रकार इस्तेमाल किया जा सकता है?

(ख) संवेदनशीलता प्रशिक्षण के मॉडलों को स्पष्ट कीजिए। उनका संगठनात्मक विकास के साथ सम्बन्ध जोड़िए।

(c) Explain Vroom's expectancy theory of work motivation and link this theory with variable-pay programs.

Section—B

5. Answer the following in about *150* words each : 12×5=60

(a) Can achievement motivation be included as a base of training for economic growth and development of a country? Discuss the contribution of McClelland and his team in this context.

(b) Justify with examples how the insights derived from studies on 'intergroup contact hypothesis' would be useful in promoting harmonious relations among different castes and in maintaining social order.

(c) What are the causes of domestic violence? How is 'belief in a just world' used to rationalize this violence?

(d) Explain the concept of 'team-cohesiveness' in the context of sports. How can teamwork be improved through the application of sports psychology?

(e) Discuss the components of gender-sensitivity training. Indicate its importance in the context of management of workforce diversity.

(ग) कार्य अभिप्रेरण के ब्रूम के प्रत्याशा सिद्धान्त को स्पष्ट कीजिए और इस सिद्धान्त को परिवर्ती-वेतन कार्यक्रमों के साथ जोड़िए।

खण्ड—ख

5. निम्नलिखित के उत्तर दीजिए, जो प्रत्येक लगभग *150* शब्दों में हो : 12×5=60

(क) किसी देश की आर्थिक संवृद्धि एवं विकास के लिए प्रशिक्षण के एक आधार के रूप में क्या उपलब्धि अभिप्रेरण को शामिल किया जाना चाहिए? इस सन्दर्भ में, मैक्लिलैंड और उसकी टीम के योगदान पर चर्चा कीजिए।

(ख) उदाहरणों के द्वारा सही ठहराइए कि किस प्रकार 'अन्तःसमूह सम्पर्क परिकल्पना' पर अध्ययनों से व्युत्पन्न अन्तर्दृष्टि विभिन्न जातियों के बीच सद्भावपूर्ण सम्बन्धों को बढ़ावा देने और सामाजिक व्यवस्था को बनाए रखने में उपयोगी होगी।

(ग) घरेलू हिंसा के क्या कारण हैं? 'न्यायपूर्ण संसार में विश्वास' का इस हिंसा के औचित्य-स्थापन में किस प्रकार इस्तेमाल किया जाता है?

(घ) खेलकूद के सन्दर्भ में 'टीम-संसक्तता' की संकल्पना को स्पष्ट कीजिए। खेलकूद मनोविज्ञान के अनुप्रयोग के माध्यम से टीम-कार्य को किस प्रकार सुधारा जा सकता है?

(ङ) स्त्री-पुरुष संवेदनशीलता प्रशिक्षण के घटकों पर चर्चा कीजिए। कार्यबल विविधता के प्रबन्धन के सन्दर्भ में इसका महत्त्व बताइए।

6. *(a)* What are the psychosocial components of advertising and marketing? Identify and discuss the relevant ethical considerations. 30

(b) Explain the consequences of short-term and long-term exposure to noise. How does noise affect our social behavior? Cite the impact of crowding in this context. 30

7. Answer the following in about *250* words each : 20×3=60

(a) Explain the psychosocial consequences of being a part of socially disadvantaged groups especially with reference to self-concept, identity, motivation and achievement. Give examples from Indian context.

(b) Distinguish between prejudice and discrimination. Explain the variables moderating the manifestation of prejudice into overt behavior.

(c) What is glass-ceiling effect? Explain the causal factors underlying it. What remedial steps can be taken by the employing organizations to minimize the glass-ceiling effect?

8. Answer the following in about *250* words each : 20×3=60

(a) Discuss critically the utility of IT and mass media in the context of distance learning. Throw light on the strengths and limitations of distance learning.

6. (क) विज्ञापन और विपणन के क्या-क्या मनःसामाजिक घटक हैं? संगत नैतिक सोच-विचारों की पहचान कीजिए और उन पर चर्चा कीजिए। 30

(ख) रव के प्रति अल्पकालिक और दीर्घकालिक उद्‌भासन के परिणामों को स्पष्ट कीजिए। रव किस प्रकार हमारे सामाजिक व्यवहार पर प्रभाव डालता है? इस सन्दर्भ में जनसंकुलन (क्राउडिंग) के प्रभाव का उल्लेख कीजिए। 30

7. निम्नलिखित के उत्तर दीजिए, जो प्रत्येक लगभग *250* शब्दों में हो : 20×3=60

(क) सामाजिकतः सुविधा-वंचित समूहों के एक भाग होने के नाते होने वाले मनःसामाजिक परिणामों को, विशेषकर आत्म-धारणा, पहचान, अभिप्रेरण और उपलब्धि का उल्लेख करते हुए, स्पष्ट कीजिए। भारत के सन्दर्भ में से उदाहरण प्रस्तुत कीजिए।

(ख) पूर्वाग्रह और भेदभाव के बीच विभेदन कीजिए। पूर्वाग्रह की प्रकट व्यवहार में अभिव्यक्ति को सन्तुलित करने वाले चरों को स्पष्ट कीजिए।

(ग) काँच-छत (ग्लास-सीलिंग) प्रभाव से क्या तात्पर्य है? इसकी तह में कारणात्मक कारक स्पष्ट कीजिए। काँच-छत प्रभाव के न्यूनतमीकरण के लिए, नियोक्ता संगठन क्या-क्या उपचारात्मक कदम उठा सकते हैं?

8. निम्नलिखित के उत्तर दीजिए, जो प्रत्येक लगभग *250* शब्दों में हो : 20×3=60

(क) दूरी अधिगम के सन्दर्भ में, आइ० टी० और सार्वजनिक मीडिया की उपयोगिता पर समालोचनात्मक ढंग से चर्चा कीजिए। दूरी अधिगम की मजबूतियों और परिसीमाओं पर प्रकाश डालिए।

(b) Explain the psychosocial factors and myths that demotivate people from following small family norms. Suggest relevant motivational strategies in this context.

(c) What is man-machine system in the context of human engineering? Highlight the applications of human engineering in defence with reference to equipment design.

(ख) ऐसे मनःसामाजिक कारकों एवं मिथकों को स्पष्ट कीजिए, जो लोगों को लघु परिवार मानकों का अनुसरण करने में वि-अभिप्रेरित करते हैं। इस सन्दर्भ में, संगत अभिप्रेरणात्मक रणनीतियाँ सुझाइए।

(ग) मानव इंजीनियरी के सन्दर्भ में, मनुष्य-मशीन तंत्र क्या होता है? उपस्कर डिजाइन के सन्दर्भ के साथ, रक्षा में मानव इंजीनियरी के अनुप्रयोगों को उजागर कीजिए।

★ ★ ★

F–DTN–M–QMHB

मनोविज्ञान

प्रश्न-पत्र—II

समय : तीन घण्टे | पूर्णांक : 300

अनुदेश

प्रत्येक प्रश्न हिन्दी और अंग्रेजी दोनों में छपा है।

प्रश्नों के उत्तर उसी माध्यम में लिखे जाने चाहिए, जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख उत्तर-पुस्तक के मुख-पृष्ठ पर अंकित निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए। प्रवेश-पत्र पर उल्लिखित माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे।

*प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं। बाकी प्रश्नों में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

प्रत्येक प्रश्न के लिए नियत अंक प्रश्न के अंत में दिए गए हैं।

प्रश्नोत्तर लिखते समय किसी पूर्वधारणा का उल्लेख स्पष्ट रूप से किया जाना चाहिए।

***विशेष निर्देश :** यह आवश्यक है कि जब भी किसी प्रश्न का उत्तर दे रहे हों, तब उस प्रश्न के सभी भागों/उप-भागों के उत्तर साथ-साथ दें। इसका अर्थ यह है कि अगले प्रश्न का उत्तर लिखने के लिए आगे बढ़ने से पूर्व पिछले प्रश्न के सभी भागों/उप-भागों के उत्तर समाप्त हो जाएँ। इस बात का कड़ाई से अनुसरण कीजिए।*

उत्तर-पुस्तक में खाली छोड़े हुए पृष्ठों को स्याही से स्पष्ट रूप से काट दीजिए। खाली छूटे हुए पृष्ठों के बाद लिखे हुए उत्तरों के अंक न दिए जाएँ, ऐसा हो सकता है।

Note : English version of the Instructions is printed on the front cover of this question paper.